सुनो हे साँवरिया सरकार

(मेरी बात पे, साँवरे,
करो ज़रा तुम गौर,
किस को दुःख, जाकर कहें,
नटवर नन्द किशोर ॥)

सुनो हे, साँवरिया सरकार ,
*तुम बिन विपदा, कौन हरेगा ,
सौलहां कलां अवतार,,
सुनो हे, साँवरिया सरकार

फैली है, कैसी महमारी ,
संकट में है, दुनियाँ सारी ,
*मुरली मधुर, सुना दो आकर ,
सुन लो करुण पुकार,,
सुनो हे, साँवरिया सरकार

तेरे दरस को, नैना तरसे ,
सावन भादों, तीज ज्यों बरसे,
*समय आ गया, कैसा हो गए ,
मंदिर के बंद द्वार,,,
सुनो हे, साँवरिया सरकार

चमत्कार, ऐसा दिखला दो ,
दुःख संकट सब, दूर भगा दो ,
*भीमसेन की इतनी बिनती ,
कर लेना स्वीकार,,,
सुनो हे, साँवरिया सरकार ,

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19157/title/suno-he-sanwariya-sarkar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |